इस्लामी स्वर्ण युग (2 का भाग 2)

रेटिंग:

विवरण: ??????? ??????? ?? '?????? ???' ?? ????? ?????? ??? ????????? ?? ?????? ?? ????? ????

श्रेणी: पाठ › सामाजिक बातचीत › मुस्लिम समुदाय

द्वारा: Imam Mufti (© 2015NewMuslims.com)

प्रकाशित हुआ: 08 Nov 2022

अंतिम बार संशोधित: 07 Nov 2022

उद्देश्य

- मुस्लिम सभ्यताओं द्वारा निर्मित संस्थाओं के बारे में जानना।
- शिक्षा, पुस्तकालयों के निर्माण, पर्यावरणवाद, भूगोल, गणित और रसायन विज्ञान में मुस्लिम योगदान के बारे में जानना।

अरबी शब्द

- ????? - मुस्लिम समुदाय चाहे वो किसी भी रंग, जाति, भाषा या राष्ट्रीयता का हो।

सभ्यता में मुस्लिम योगदान पर उद्धरण

"...?? ??? ?????? ?? ??? ?? ??? ??? ?? ???? 800 ?? 1600 ??? ?? ?? ??????? ?????? ??, ?????? ????? ????????? ?? ?????, ?????? ?? ?????? ?? ????? ?? ?????? ??????? ???? ???????? ???? ????? ??? ?????? ?? ????? ?? ????? ?????? ?? ???? ??? ?? ?? ????? ???? ???, ????? ???? ????? ????? ?????? ?? ?? ?????? ??? ??? ????????? ?? ?????? ?? ???? ??????????? ?????? ????? ???? ????? ???? ???? ???? ???-?????????? ?? ????? ?? ???? ?? ????? ??????? ?? ?????? ??? ??????? ???? ?????? ?? ????????? ?? ?????? ??????? ?? ????? ??????? ??? ?????? ????? ?? ???? ?? ???? ?????? ?? ?? ??? ??? ???? ???: ?? ??????? ?? ?????? ??????? ??, ?????? ?? ????? ?? ??????? ?? ????? ?? ???? ?? ????? ????? ?? ????? ???????? ?? ????? ???? - ?????? ???? ????, ??????? ?? ????? ???????? ????? ???? ?? ??? ?? ???????? ??????? - ??????? ????? ????????, ???????, ??????? ?? ???? ?? ???? ???? - ?? 800 ?????? ?? ???????? ?? ??????? ?? ??????? ???? ???" - 26

सितंबर, 2001 को मिनियापोलिस, मिनेसोटा में दिए गए एक भाषण में, एचपी के पूर्व सीईओ कार्ली

फियोरिना, "प्रौद्योगिकी, व्यवसाय, और हमारे जीवन का तरीका: आगे क्या।”.

संस्थान

प्राचीन दुनिया में पहले से अज्ञात कई महत्वपूर्ण शैक्षणिक और वैज्ञानिक संस्थानों की उत्पत्ति प्रारंभिक इस्लामी दुनिया में हुई थी, जिनमें सबसे उल्लेखनीय उदाहरण हैं: सार्वजनिक अस्पताल (जिसने चिकित्सा मंदिरों और नींद मंदिरों की जगह ली) और मनोरोग अस्पताल, सार्वजनिक पुस्तकालय और उधार पुस्तकालय, शैक्षणिक डिग्री देने वाला विश्वविद्यालय, और खगोलीय वेधशाला एक निजी अवलोकन पोस्ट के विपरीत एक शोध संस्थान के रूप में।

शिक्षा

डिप्लोमा जारी करने वाले पहले विश्वविद्यालय मध्यकालीन इस्लामी दुनिया के बिमारिस्तान चिकित्सा विश्वविद्यालय-अस्पताल थे, जहां 9वीं शताब्दी से इस्लामी चिकित्सा के छात्रों को चिकित्सा डिप्लोमा जारी किए गए थे, ये क्षात्र चिकित्सक का अभ्यास करने के योग्य थे। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने फेज, मोरक्को में अल-करौइन विश्वविद्यालय को दुनिया के सबसे पुराने डिग्री देने वाले विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता दी है, इसकी स्थापना 859 सीई में हुई थी। 975 सीई में मिस्र के काहिरा में स्थापित अल-अजहर विश्वविद्यालय, स्नातकोत्तर डिग्री सहित विभिन्न शैक्षणिक डिग्री प्रदान करता है, और इसे अक्सर पहला पूर्ण विश्वविद्यालय माना जाता है। डॉक्टरेट की उत्पत्ति भी मध्यकालीन मदरसों में इजाज़ा अत-तद्रिस वा अल-इफ्ता ("कानूनी राय सिखाने और जारी करने का लाइसेंस") से होती है, जो इस्लामी कानून पढ़ाते थे।

पुस्तकालय

कहा जाता है कि क्रुसेडर्स द्वारा नष्ट किए जाने से पहले त्रिपोली की लाइब्रेरी में 30 लाख किताबें थीं। गणितीय विज्ञान पर महत्वपूर्ण और मूल मध्ययुगीन अरबी कार्यों की संख्या तुलनात्मक महत्व के मध्ययुगीन लैटिन और ग्रीक कार्यों के संयुक्त कुल से कहीं अधिक है, हालांकि आधुनिक समय में बचे हुए अरबी वैज्ञानिक कार्यों का केवल एक छोटा सा अंश अध्ययन किया गया है।

पर्यावरणवाद

प्रारंभिक प्रोटो-पर्यावरणवादी ग्रंथ अरबी में अल-किंदी, अर-राज़ी, इब्न अल-जज्जार, अत-तमीमी, अल-मसीही, एविसेना, अली इब्न रिज़वान, अब्दल-लतीफ और इब्न अल-नफीस द्वारा लिखे गए थे। उनके कार्यों में प्रदूषण से संबंधित कई विषय शामिल थे जैसे वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, मिट्टी संदूषण, और नगरपालिका ठोस कचरे का गलत प्रबंधन। कॉर्डोबा, अल-अंडालस में कूड़े के संग्रह के लिए पहले अपशिष्ट कंटेनर और अपशिष्ट निपटान सुविधाएं भी थीं।

मुस्लिम विद्वानों ने सिर्फ एक विषय पर ध्यान केंद्रित नहीं किया जैसा कि आज कई करते हैं। अबू रेहान अल-बैरुनी (जन्म 973 सीई) एक खगोलशास्त्री, गणितज्ञ और 11वीं सदी के उज़्बेकिस्तान के जीवन विज्ञान के छात्र थे, जो अपनी विश्व यात्राओं के लिए भी प्रसिद्ध थे।

उन्होंने **संस्कृत** भाषा में महारत हासिल की थी और भारत पर एक किताब लिखी थी! उन्होंने अर-राज़ी की जीवनी भी लिखी थी। अल-बैरूनी जब अस्सी वर्ष के थे, तब वे स्वयं औषध विज्ञान पर एक पुस्तक लिख रहे थे!

भूगोल

10वीं सदी के मुस्लिम भूगोलवेत्ता और इतिहासकार अल-मसूदी ने बगदाद, भारत, चीन और दुनिया के अन्य देशों की यात्रा की, जिसमें उन्होंने लोग, जलवायु, भूगोल और उन स्थानों के इतिहास का वर्णन किया जहां उन्होंने दौरा किया था।

मुसलमानो ने कम्पास का आविष्कार किया और अल-फ़रगानी, जिसे पश्चिम में अल्फ्रैगनस के नाम से जाना जाता है, ने अनुमान लगाया कि पृथ्वी की परिधि 24,000 मील है। मुसलमानों ने सबसे पहले पेंडुलम का इस्तेमाल किया और वेधशालाओं का निर्माण किया!

गणित

मुसलमानों ने भारत से "शून्य" अंक लेकर दुनिया में स्थानांतरित कर दिया।

अल-खवारज़्मी ने रैखिक और द्विघात समीकरणों पर पहली पुस्तक लिखी, जिसे बीजगणित कहा जाता है।

रसायन विज्ञान

मुसलमानों ने रसायन विज्ञान को विज्ञान की एक अलग शाखा के रूप में विकसित किया। रसायन शब्द स्वयं अरबी शब्द अल-कीम्या से लिया गया है। जाबिर इब्न हयान को 'रसायन विज्ञान का जनक' कहा जाता है। उन्होंने कई खनिजों की खोज की और पहली बार सल्फ्यूरिक एसिड जैसे एसिड तैयार किए।

इस्लाम की शिक्षाओं में कोई कमी नहीं है, यह सिर्फ मुसलमानों की लापरवाही है जिसने हमारी वर्तमान स्थिति को खराब कर दिया है।

हमे सीखने और प्रगति करने और वैज्ञानिक और आर्थिक रूप से समृद्ध बनने की इच्छा होनी चाहिए। लेकिन अहम बात यह है कि हम मुसलमान बने रहें। हमें इस्लाम की आध्यात्मिक सभ्यता को पश्चिम के भौतिकवाद से नहीं बदलना चाहिए।

हमें मुसलमान होने पर और इस उम्मत और समृद्ध इस्लामी विरासत का हिस्सा होने पर गर्व करना चाहिए। दूसरा, हमें महान मुस्लिम वैज्ञानिकों और विद्वानों के नक्शेकदम पर चलना चाहिए और एक बार फिर दुनिया का नेतृत्व करना चाहिए।

इस लेख का वेब पता

https://www.newmuslims.com/hi/articles/310

कॉपीराइट © 2011 - 2024 NewMuslims.com. सर्वाधिकार सुरक्षित।